**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 12.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से होगा शुरू, तीन जुलाई तक चलने वाले सत्र में लोकसभा अध्यक्ष का होगा चुनाव, नवनिर्वाचित सदस्य लेंगे शपथ।**

2. **झारखंड में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने हीट वेव से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की अपील की।**

3. **राज्य सरकार ने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों की ऋण माफी की राशि 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रूपये करने की आवश्यक प्रकिया जल्द पूरी करने का दिया निर्देश।**

4. **छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 15–17 जून तक होगी 19वीं राष्ट्रीय यूथ अंडर–18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम का किया गया गठन।**

*********************

अठारहवीं लोकसभा का सत्र 24 जून से तीन जुलाई तक चलेगा। सत्र के दौरान राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा और उसपर चर्चा होगी। इस दौरान लोकसभा के अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। इसके साथ ही लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्य शपथ भी लेंगे। इधर राज्यसभा का सत्र 27 जून से तीन जुलाई तक चलेगा।

*********************

पूरा झारखंड अभी भीषण गर्मी की चपेट में है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी से अभी कुछ दिन राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। आज डाल्टेनगंज का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में तापमान 44 डिग्री से अधिक रहा, जबकि बोकारो और चाईबासा में 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के अलग–अलग हिस्सों में अगले तीन दिनों तक हीट वेव को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इधर, केंद्र ने हीट वेव से बचने के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को सतर्क रहने का निर्देश जारी कर कहा है कि अगर जरूरत न हो तो सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक घर से बाहर न निकलें और हर घंटे पानी पीते रहने की सलाह दी हैं। बाहर निकलने की स्थिति में सूती और ढीले कपड़े पहनने और कड़ी धूप से बचाव के लिए छाता या टोपी का इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

*********************

आंध्र प्रदेश में नई सरकार का आज शपथ ग्रहण समारोह हुआ। विजयवाड़ा में आयोजित समारोह में तेलुगुदेशम पार्टी के प्रमुख **एन. चंद्रबाबू नायडू** ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं पवन कल्याण ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। साथ ही कई मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहे।

*********************

पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले के चिनिया प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित मनरेगा के सहायक अभियंता अनुज कुमार को पलामू एसीबी की टीम ने आज सुबह उनके घर से गिरफ्तार किया। एसीबी टीम ने सहायक अभियंता को गिरफ्तार कर मेदिनीनगर अपने साथ ले गयी। सहायक अभियंता पर मनरेगा के एक कार्य में भुगतान के एवज में लाभुक से रिश्वत लेने का आरोप था।

*********************

पाकुड जिले को कालाजार मुक्त बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थाओं ने प्रयास तेज कर दिया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

*********************

राज्य सरकार ने किसानों की ऋण माफी की राशि 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रूपये तक करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। कल विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने ऋण माफ करने की राशि को बढ़ाने के लिए नीतिगत प्रक्रिया को जल्द पूरी करें ताकि किसानों को इसका लाभ दिया जा सके। उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत इस वर्ष नवंबर तक एक लाख कूपों का निर्माण पूरा कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने राज्य के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को जल्द भरने के लिए नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

********************

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 15–17 जून तक 19वीं राष्ट्रीय यूथ अंडर–18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम का गठन कर दिया गया है। झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह के अनुसार, झारखंड के घोषित 28 सदस्यीय टीम में 17 लड़के और 9 लड़कियां शामिल हैं। इसमें खिलाड़ियों के साथ मैनेजर के तौर पर नरेश कुजूर और कोच आशु भाटिया दल में शामिल रहेंगे। झारखंड टीम 13 जून को बिलासपुर के लिए रवाना होगी।

********************

रांची जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने वज्रपात से मवेशियों की मौत पर प्रभावित लोगों के लिए 8 लाख चौवालिस हजार पांच सौ रूपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की है। रांची जिले के नौ अंचल के 30 प्रभावित लोगों के बीच इसका वितरण किया जाएगा। इसमें बेड़ो के नौ, अनगड़ा के आठ, राहे के चार, इटकी के तीन, चान्हो के दो, नामकुम, सिल्ली, लापुंग और तमाड़ के एक–एक लोगों के बीच राशि का भुगतान किया जाएगा।

********************

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री प्राप्त करनेवाले अमित राज टोपनो को बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी के लिए अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का, लिंकन में प्रवेश मिला है। उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र जल संसाधन नियोजन एवं प्रबंधन रहेगा। उन्हें बायोलॉजिकल सिस्टम इंजीनियरिंग में 28 हजार यूएस डॉलर की वार्षिक ग्रेजुएट रिसर्च सहायता भी मिली है, जो इसी माह से प्रारंभ होगी।

********************

राज्य सरकार पूरे झारखंड में पशु एंबुलेंस का संचालन करेगी। इसके लिए सरकार का **इ.एम.आर.आइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज** के साथ समझौता हुआ है। इस संबंध में **इ.एम.आर.आइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज** के एंबुलेंस को–ऑर्डिनेटर विनीत कुमार ने बताया कि यह सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने कहा कि यह सेवा लेने के लिए पशुपालकों को टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करना होगा। इसके बाद चिकित्सक उनके घर जाकर पशुओं का इलाज करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सुविधा को लेकर एंबुलेंस सहित चिकित्सकों की व्यवस्था आउटसोर्सिंग के आधार पर एजेंसी की ओर से रखी जायेगी।

********************

राज्य में सहायक अध्यापकों की सेवा शर्त की नियमावली में बदलाव किया जायेगा। इसके लिए झारखंड एकेडेमिक काउंसिल ने स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने मार्गदर्शन मांगा है। सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2022 में शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी के लिए आकलन परीक्षा का प्रावधान किया गया है। इस परीक्षा में सफल शिक्षकों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है। मौजूदा नियमावली में आर्थिक रूप से पिछड़े और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कट ऑफ का उल्लेख नहीं किया गया है। ऐसे में इस कोटि के अभ्यर्थी **कट ऑफ** निर्धारण की मांग कर रहे थे। उनकी इस मांग को ध्यान में रखते हुए झारखंड एकेडेमिक काउंसिल ने नियमावली में बदलाव करने का निर्णय लिया है।

********************

गोड्डा जिले के महागामा अनुमंडल के बलबड्डा थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के पास एक कार के टायर फटने से हुई दुर्घटना में कार चालक की मौत हो गई। 32 वर्षीय कार चालक भागलपुर जिले के कहलगांव के महेशमुंडा गांव का निवासी था। प्रत्यक्षदिर्शियों के अनुसार टायर फटने के बाद वाहन तीन–चार बार पलट गया था। .वहीं गोड्डा जिले के मेहरमा के बाग झखड़ा गांव में एक 15 वर्षीय बालक की मृत्यु सांप काटने से हो गई। इसके अलावा गोड्डा जिले के सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी का निधन हो गया। मृतक कई दिनों से बीमार चल रहा था।

*******समाप्त*************